तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 21 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 हेलमेट जीवन की रक्षा के साथ कम करता है दुर्घटना का प्रभाव




## खबर संक्षेप

### अवैध नशीले पदार्थों पर लगातार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार 20 जनवरी को जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं उनके दुष्प्रभावों से समाज को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की बैठक ली। बैठक में जिले में नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर प्रभावी रोक लगाने तथा संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, सर्व एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### राजीव युवा उत्थान : चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 27 व 28 को

**जांजगीर-चांपा।** राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थी, जो नई दिल्ली स्थित विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं से वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु इच्छुक हैं, से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम के अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों का सत्यापन 27 जनवरी को एवं अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का सत्यापन 28 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक मीटिंग हॉल क्र.-4, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु आय प्रमाण-पत्र तथा नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित स्वघोषणा प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

### घिवरा में अखण्ड श्री राम नाम सप्ताह महायज्ञ आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत मां डोकरी दाई की पावन धरा ग्राम घिवरा में 21 जनवरी दिन बुधवार को अखण्ड श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम घिवरा निवासी रुक्मणी रामेश्वर तिवारी ने बताया कि अखंड श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का शुभारंभ 21 जनवरी बुधवार को किया जाएगा। आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह और आस्था का अद्भुत समागम देखने को मिल रहा है। इस महायज्ञ में आचार्य रमेश कुमार शुक्ला होंगे। इस अखंड श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का समापन 28 जनवरी बुधवार को हवन, सहस्त्रधारा, पूर्णाहुति और ब्राह्मण भोजन के साथ किया जाएगा। जिसकी आवश्यक तैयारियां ग्राम वासियों के द्वारा पूरी कर ली गई है।

### धान खरीदी में गड़बड़ी, कार्रवाई के दिए आदेश

**जांजगीर-चांपा।** धान खरीदी केन्द्र धुरकोट में सहकारिता उप आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केन्द्र में कई तरह की गडबड़ी पाई। केन्द्र में अवैध धान खरीदी का प्रयास और नियम विरूद्ध अपने रिश्तेदारों को केन्द्र में रखे जाने समेत अन्य गड़बड़ियों को लेकर केन्द्र प्रभारी नागेन्द्र प्रताप सिंह को नोटिस जारी कर 19 जनवरी तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया था। निर्धारित अवधि तक केन्द्र प्रभारी ने नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया। इस पर सहकारिता उप आयुक्त द्वारा खरीदी केन्द्र प्रभारी के खिलाफ कर्मचारी सेवा नियम 2018 की कंडिका क्रं. 16 के प्रावधानों के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति धुरकोट के प्राधिकृत अधिकारी को आदेश जारी किया गया है।

अकलतरा संग्रहण केन्द्र में करोड़ों का धान कम, दो टीमों की जांच के बाद कार्रवाई का इंतजार

# कवर्धा से आगे ना निकल जाए जांजगीर चांपा जिले के चूहे!

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कवर्धा जिले में 7 करोड रुपए के धान का चूहे खाने का मामला अभी चल ही रहा है कि जांजगीर चांपा जिले के संग्रहण केन्द्र में तकरीबन 15 करोड़ के धान शार्टेज की चर्चा गर्माने लगी है। विधायक की शिकायत पर प्रशासन द्वारा गठित दो टीमों ने अकलतरा व अमरताल संग्रहण केन्द्र का भौतिक सत्यापन किया। बताया जाता है कि इस दौरान तकरीबन 50 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है, लेकिन यहां सड़े हुए बोरियों की ढेरी और भूसे में तब्दील सड़े हुए धान के अलावा कुछ नहीं है। अब प्रतिवेदन के बाद कार्रवाई का इंतजार हो रहा है।



अकलतरा संग्रहण केन्द्र में सड़े बोरे और भूसे की ढेरी।

गौरतलब है कि बीते वर्ष समर्थन मूल्य पर हुए धान खरीदी के दौरान मिलरों द्वारा किए गए उठाव के अलावा धान संग्रहण केन्द्र भी खोले गए थे। इस दौरान जिले के अकलतरा संग्रहण केन्द्र में 7 लाख 50 हजार क्विंटल धान संग्रहित किया गया था। इसी तरह अमरताल में 2 लाख 85 हजार क्विंटल धान रखा गया था। इसकी निगरानी को लेकर जिला विपणन संघ द्वारा सीसी कैमरे लगाने के साथ दुनिया भर के दावे किए गए थे। इसके बाद संग्रहित धान का जब उठाव किया गया तो बड़ी मात्रा में धान की कमी बताई जा रही है। बताया जाता है कि अकलतरा संग्रहण केन्द्र में 48 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है, जबकि मौके पर भूसा की ढेरी और सड़ी बोरियों में भरे खराब धान कंकड, पत्थर के अलावा और कुछ नहीं है। इसी तरह अमरताल में 25 सौ क्विंटल धान का उठाव शेष है और वहां स्थिति भी कमोबेस यही है। इस मामले को पिछले दिनों अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह ने उजागर किया था। उन्होंने संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण करके शासन प्रशासन से जांच की मांग की थी। मामला मीडिया में भी प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। जिसके उपरांत जिला प्रशासन ने संग्रहण केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के लिए दो टीमें गठित की। एक टीम एडीएम के नेतृत्व में और दूसरी टीम संयुक्त कलेक्टर की अध्यक्षता में बनी। इनन टीमों में सहायक खाद्य अधिकारी, सहकारिता विभाग के अफसर और क्षेत्रीय तहसीलदार शामिल रहे। बताया जाता है कि दोनों टीमों ने दोनों संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण किया, तो वे भी चकित रह गए। सूत्रों के मुताबिक मौके पर सड़ी हुई बोरियों में रखे खराब धान के स्टेक मिले। बोरियों का वजन भी 12-15 किलो से अधिक नहीं था। इसके अलावा संग्रहण केन्द्र में जितने हजार क्विंटल धान का उठाव होना है। उसकी तुलना में धान अत्यंत कम है और जो है वह भी खराब धान है, जिसका उठाव करने में मिलर भी कतराने लगे है। उल्लेखनीय है कि अभी कुछ दिनों पहले कवर्धा जिले के संग्रहण केन्द्र में 7 करोड़ का धान शार्टेज हुआ था, जिसे चूहा द्वारा खाने की चर्चा पूरे प्रदेश में हो रही है। ऐसे में यहां लगभग 15 करोड़ के धान की कमी बताई जा रही है। अब इसे चूहों ने खा लिया या सूर्यदेव की तपिश ने सूखा दी, यह तो जांच प्रतिवेदन सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

### प्रशासन से जांच

अकलतरा और अमरताल संग्रहण केन्द्र में धान का उठाव शेष है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम ने भौतिक सत्यापन किया है। रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। जो भी मामला है, जिला प्रशासन के संज्ञान में है वहीं से जांच हुई है।

-रमेश लहरे,
डीएमओ, जांजगीर चांपा

# आधी रात को केन्द्र में दबिश, मिट्टी मिलाकर वजन बढ़ाने का खेल उजागर

## डभरा ब्लाक के उपार्जन केंद्र पुटीडीह का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

डभरा विकासखंड के धान खरीदी केन्द्र पुटीडीह में प्रशासन की टीम ने आधी रात को दबिश दी। टीम ने जांच की तो धान के बोरों में कंकड़ और मिट्टी भी मिली। धान का वजन बढ़ाने के लिए रात के अंधेरे में यह खेल चल रहा था। अनियमितता पाए जाने पर धान खरीदी नोडल अधिकारी और एसडीएम सहित जिला स्तरीय जांच टीम की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।



आधी रात को कार्रवाई करने पहुंचे अफसरों की टीम।

जिले में चल रही धान खरीदी अब अपने अंतिम एवं सबसे संवेदनशील चरण में पहुंच चुकी है। इसे देखते हुए शासन एवं जिला प्रशासन ने धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है और धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी दिन और रात किसी भी समय अवैध गतिविधियों का निरीक्षण कर त्वरित कार्यवाही कर रहे है। इसी कड़ी में कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ एवं धान खरीदी के नोडल अधिकारी वासु जैन ने आधी रात धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डभरा विकासखण्ड अंतर्गत धान खरीदी केंद्र पुटीडीह में भौतिक सत्यापन करने पर 23,294 बोरे धान पाए गए, जबकि ऑनलाइन पोर्टल में की गई एंट्री के अनुसार 9426 बोरा धान कम पाया गया। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान उक्त केंद्र में धान का वजन बढ़ाने के लिए मिट्टी कंकड़ मिलाने का खेल भी उजागर हुआ। कलेक्टर के निर्देशन में धान खरीदी केंद्र पुटीडीह में नियमों की अनदेखी और गंभीर अनियमितता पाए जाने पर धान खरीदी नोडल अधिकारी वासु जैन, एसडीएम डभरा विनय कश्यप सहित जिला स्तरीय जांच टीम की उपस्थिति में तत्काल कार्रवाई की गई। धान खरीदी केंद्र पुटीडीह में टीम आधी रात को लगभग 1 बजे जांच करने पहुंची थी। जांच में मिली गड़बड़ी के बाद मौके पर पंचनामा तैयार कर कार्रवाई की गई। प्रथम दृष्टया यह सामने आया है कि धान की कमी को छिपाने के लिए हमालों के माध्यम से पहले से खरीदी गई धान की बोरियों में मिट्टी-कंकड़ डालकर मात्रा पूरी करने का प्रयास किया जा रहा था। पंचनामा के आधार पर संबंधित धान को विधिवत जप्त कराया गया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा है कि धान खरीदी का यह अंतिम चरण अत्यंत संवेदनशील है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी ईमानदारी, सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के पैसों में चोरी, गड़बड़ी या अनियमितता करने वालों के विरुद्ध बिना किसी पूर्व चेतावनी के कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, आवश्यकता पड़ने पर दोषियों को जेल भेजने से भी प्रशासन पीछे नहीं हटेगा। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी पर 24 घंटे सतत निगरानी रखी जा रही है।

### अब तक 104 प्रकरण में 38 सौ क्विंटल से अधिक धान जब्त

जिले में अवैध धान खरीदी, भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में गठित संयुक्त जांच दलों द्वारा विभिन्न उपार्जन केंद्रों, गोदामों, कोचियों, संदिग्ध भंडारण स्थलों एवं परिवहन मार्गों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। अब तक की 104 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। इन प्रकरणों में 3881 क्विंटल धान जप्त की जा चुकी है। इसके साथ ही अवैध रूप से धान के परिवहन में संलिप्त वाहनों पर भी सख्त कार्यवाही करते हुए लगभग डेढ़ दर्जन वाहनों को जप्त किया गया है।

# केजव्हील, ट्रेक्टरों के चलने के कारण सड़क की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

- नवागढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत पाली का मामला

केजव्हील लगे ट्रेक्टरों के चलने के कारण खेत जाने वाले सड़क के रास्ते खराब हो रहे है। इस समस्या को लेकर सरपंच द्वारा भी मनाही की गई है। इसके बावजूद ट्रेक्टरों की आवाजाही मार्ग पर बनी हुई है7

ज्ञात हो कि ग्राम पाली के सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर और आपसी सहयोग से जिस 4 किलोमीटर लंबी सड़क को खेतों तक पहुँचने के लिए सुधारा था, वह अब डबल केचव्हील ट्रेक्टरों की लापरवाही के कारण फिर से बदहाल होने की कगार पर है। ग्राम पाली के किसानों ने एकजुट होकर अपनी मेहनत से 4 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत कराई थी। यह सड़क न केवल किसानों को उनके खेतों तक ले जाती है, बल्कि फसल परिवहन के लिए भी लाइफलाइन मानी जाती है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से इस सड़क पर डबल केचव्हील लगे ट्रेक्टरों के फर्राटे भरने से सड़क की सतह उखड़ने लगी है। केचव्हील के नुकीले हिस्से सड़क को बुरी तरह काट रहे हैं। ग्राम सरपंच श्रीमती पूर्णिमा सुनील भावनी जी और जागरूक किसानों से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि स्थिति को देखते हुए कड़े कदम उठाए गए हैं।



सड़क पर चल रहे केजव्हील लगे ट्रैक्टर

इस मामले में सरपंच श्रीमती पूर्णिमा सुनील भावनी का कहना है कि केजव्हील लगे ट्रेक्टरों के चलने के कारण गांव की सड़क खराब हो रही है। इसे लेकर वाहन चालकों को चेतावनी भी दी जा चुकी है।

### तलवार से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** गांव में जमीन खरीदने पर फिरौती की मांग करने और पैसे नहीं देने पर तलवार से प्राणघातक हमला करने वाले एक आरोपी को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरा आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। तेंदुआ निवासी दोनों आरोपी नीरज तिवारी व सूरज तिवारी सगे भाई हैं। दोनों आरोपी आदतन गुंडा बदमाश हैं। शिवरीनारायण थाने में नीरज तिवारी के खिलाफ 17 व सूरज तिवारी के खिलाफ 12 मामले दर्ज हैं। शिवरीनारायण थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव ने बताया 16 जुलाई को नीरज तिवारी व सूरज तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस लगातार उनके घर तेंदुआ व उनके रिश्तेदारों के यहां जाकर आरोपियों की खोजबीन कर रही थी। आरोपी सूरज तिवारी को सिमगा के पास औरेठी गांव से पकड़ा गया था। मामले में दूसरा आरोपी नीरज तिवारी अब भी फरार चल रहा था। पुलिस ने 20 जनवरी को नीरज तिवारी को उसके घर तेंदुआ से पकड़ा। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तलवार को जब्त किया गया।

# हथौड़ा व चाकू से वार कर पति की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



हथौड़ा व चाकू से वार कर पति की हत्या करने वाली पत्नी को आजीवन कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विजय अग्रवाल ने सुनाया है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 13 जुलाई 2024 को अनिल नट के द्वारा थाना पामगढ़ आकर मौखिक सूचना दी गयी कि उसका भाई मनोज नट उर्फ कोंदा का शव गांव के शंकरलाल पटेल के घर के सामने जोखिया तालाब के पार किनारे में पड़ा है और किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या कर दिया गया है। उक्त सूचना पर रोजनामचा सान्हा दर्ज कर सूचना की तस्दीकी एवं कार्यवाही हेतु पुलिस पार्टी घटना स्थल डोंगाकोहरौद गयी और घटना की तस्दीक किया। मृतक के पुत्र प्रार्थी मुकेश नट के द्वारा मौके पर मौखिक सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 12 जुलाई को रात्रि में उसके पिता मनोज नट घर पर सोए थे जो कि रात्रि 12 बजे घर पर नहीं था जिसकी पतासाजी करने पर उसका पता नहीं चला। 13 जुलाई को पता चला कि उसके पति मनोज नट का शव जोखिया तालाब के पास शंकर लाल पटेल के घर के सामने पड़ा है जिसके गले, सिर, छाती में धारदार वस्तु से मारकर उसकी हत्या कर दी गयी है। प्रार्थी के बताये अनुसार घटना के दो दिन पहले आरोपिया एवं उसके पिता के मध्य किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ था। थाना पामगढ में धारा 103 बीएनएस के तहत दर्ज की गयी। तत्पश्चात विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मामले की सुनवाई करते हुए चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विजय अग्रवाल ने संपूर्ण साक्ष्य उपरांत आरोपी महिला को आजीवन कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने की।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी प्रबंध समिति का निर्वाचन 16 को

**सक्ती।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी जिला शाखा सक्ती के प्रबंध समिति का निर्वाचन 16 फरवरी को रखा गया है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला सक्ती अंतर्गत भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी जिला शाखा सक्ती के प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन आगामी 16 फरवरी को समय 11:00 बजे कार्यालय कलेक्टर सक्ती के सभागृह में आयोजित किया जाना है. जिसमें आप सभी सदस्य भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी जिला शाखा सक्ती की उपस्थिति अनिवार्य है। सभी से अपील है कि नियत तिथि एवं समय में अपनी उपस्थिति दे कर निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाए।

# 3 दिनों से लापता नाबालिग को आरोपी के कब्जे से पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



तीन दिनों से लापता नाबालिग को आरोपी के कब्जे से मुक्त कराया गया है। इस मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी निवासी सुनील कुमार कश्यप उम्र 20 साल द्वारा एक नाबालिग बालिका को 16 जनवरी को भगाकर ले गया था। सूचना रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अज्ञात आरोपी व अपहता की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान 19 जनवरी को नाबालिग अपहता को सकुशल बरामद किया जाकर आरोपी सुनील कश्यप को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

अधिकांश छात्रों को गणित के विषय में फेल करने का मामला

# उत्तर पुस्तिका छायाप्रति की मांग को लेकर एनएसयूआई ने विवि का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

उत्तर पुस्तिका छाया प्रति दिलाने की मांग को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय का घेराव कर दिया। छात्रो का आरोप है कि अधिकांश छात्रों को गणित विषय में फैल कर दिया गया है।

गौरतलब है कि शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ द्वारा जारी पूरक परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट होकर जांजगीर चांपा जिले के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय पहुंचकर छाया प्रति की मांग को लेकर विश्वविद्यालय का घेराव किया गया।विश्वविद्यालय द्वारा जारी मुख्य परीक्षा में बीएससी गणित संख्या के बहुत से छात्रों को पूरक दिया गया था, जिसके पश्चात छात्रों द्वारा पूरक परीक्षा दिलाया गया परंतु छात्रों का आरोप है कि बहुत अच्छे से परीक्षा दिलाने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रों को एक ही विषय गणित में फेल कर दिया गया है। कुछ छात्रों ने तो यहां तक आरोप लगाया कि सही उत्तर लिखने के बावजूद उन्हें शून्य नंबर प्रदान किए गए हैं। परिणाम से असहमति जताते हुए विद्यार्थियों द्वारा सूचना के अधिकार के तहत अपनी कॉपी की मांग की गई थी, परंतु प्रबंधन द्वारा छात्रों को सूचना का अधिकार लगाने से रोका जा रहा था एवं किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया जिससे नाराज होकर टीसीएल, गर्ल्स कॉलेज, एम एम आर कॉलेज चांपा, भीमराव अंबेडकर कॉलेज, छात्रों ने मंगलवार 20 जनवरी को बड़ी संख्या में विधानसभा अध्यक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व विश्विद्यालय का घेराव कर दिया। छात्रों का आरोप है कि हर वर्ष छात्रों के उत्तर पुस्तिका के जांच में बड़ी लापरवाही बरती जा रही है, जिससे छात्रों के साथ उनके अभिभावकों में भी खासी नाराजगी देखी जा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमन तिवारी, गौतम कटारे, चेतन देवांगन , हर्ष शुक्ला, ऋतु सांडे, मंजू, श्रेया थवाईत सोनिया केवट प्रभा कुमारी धीवर ,यशवंत सूर्यवंशी ओम देवांगन, मनीष सूर्यवंशी ,मुस्कान राठौर रितु यादव, अमन सिंह ठाकुर, देवंती ग्वेल, धनिष्ठा सिदार ,पिंकी सिद्धार्थ रिंकी चौहान, रोशन गुप्ता, चंद्रमणि साहू, अनन्या




विवि का घेराव करने पहुंचे एनएसयुआई पदाधिकारी।

# महिला कर्मचारी को प्रताड़ित करने के मामले में उप संचालक कृषि के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- दो माह पहले कलेक्टर और एसपी से हुई थी शिकायत

जांजगीर चांपा जिले के तत्कालीन उप संचालक कृषि के खिलाफ चांपा थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। विभाग की महिला कर्मचारी को प्रताड़ित करने के आरोप में उप संचालक कृषि के खिलाफ अपराध कायम हुआ है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कृषि विभाग की एक महिला कर्मचारी ने तत्कालीन उप संचालक कृषि एल.एम. भगत के खिलाफ प्रताड़ित किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की जांच के बाद डीडीए एल.एम. भगत के खिलाफ बीएनएस की धारा 79 के तहत अपराध कायम किया गया है। उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग की महिला आरईओ ने डीडीए के खिलाफ प्रताड़ित किए जाने की शिकायत नवंबर 2025 में कलेक्टर और एसपी से की थी। शिकायत की जांच के लिए टीम भी बनी थी। टीम द्वारा की गई जांच के बाद मंगलवार 20 जनवरी को जांजगीर चांपा जिले के तत्कालीन उप संचालक कृषि एल.एम. भगत के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। माह भर पहले उनका जांजगीर चांपा जिले से स्थानांतरण हो चुका है।

**खबर संक्षेप**

## किरारी में कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण शुरू



**अकलतरा-किरारी।** ग्राम पंचायत किरारी में श्री अखंड नवधा रामायण के शुभारंभ अवसर पर सोमवार 19 जनवरी को स्कूल पारा से दिव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा मानस मंच से प्रारंभ होकर महामाया मंदिर कुर्मीपारा होते हुए बेलवा तालाब पहुंची, जहां जल भरने के उपरांत पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए पुनः मानस मंच पर संपन्न हुई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में छोटे-छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुईं। ग्रामवासियों ने अपने-अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के मानस मंच पहुंचने पर आरती एवं पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। इसके पश्चात आचार्य पंडित हरीश तिवारी एवं पंडित लक्ष्मी नारायण दुबे के सान्निध्य में वेदी पूजन कर श्री अखंड नवधा रामायण कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का विश्राम 28 जनवरी बुधवार को होगा, जबकि 29 जनवरी गुरुवार को हवन, कपिलातर्पण एवं सहस्त्रधारा का आयोजन किया जाएगा। मानस गान प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का फाइनल 28 जनवरी बुधवार को रात्रि 9 बजे होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपये, द्वितीय 9,001 रुपये, तृतीय 7,001 रुपये, चतुर्थ 5,001 रुपये, पंचम 4,001 रुपये, षष्ठम 3,001 रुपये, सप्तम 2,001 रुपये, अष्टम 1,101 रुपये, नवम 1,001 रुपये, दशम 701 रुपये, एकादश 551 रुपये निर्धारित किए गए हैं।

## दिवंगत शिक्षक की पत्नी को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने दी संवेदना राशि



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक बम्हनीडीह एवं बलौदा द्वारा दिवंगत शिक्षक स्व. नारायण चंद्रा की पत्नी श्रीमती सुनीता चंद्रा को संवेदना राशि दिया गया। वहीं दशगात्र कार्यक्रम में निवास स्थान चांपा पहुंच कर बम्हनीडीह ब्लॉक की ओर से संवेदना राशि 66 हजार 650 रु. तथा बलौदा ब्लॉक की ओर से 12 हजार 605 रु. देकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक बम्हनीडीह द्वारा दिवंगत शिक्षक साथी के आश्रित को आर्थिक सहयोग करने के लिए संवेदना योजना प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत शिक्षक साथियों द्वारा संवेदना राशि दिया जाता है। टीचर्स एसोसिएशन के जिला पदाधिकारी नारायण चंद्रा बम्हनीडीह ब्लाक के शा पूर्व माध्यमिक शाला तालदेवरी मे पदस्थ थे। स्थानांतरण पश्चात शिक्षक के पद पर शा पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में पदस्थ थे। वे छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के एक सक्रिय, निष्ठावान एवं संघर्षशील पदाधिकारी रहे, जिनका जीवन शिक्षक हितों के लिए समर्पित था। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की ओर से बसंत चतुर्वेदी, माखन राठौर, उमेश तेम्बूलकर, नरेश गुरुद्वान, रामरतन मिलन, रामकृपाल डडसेनना, गोपाल जायसवाल, शिव पटेल, विनोद राठौर, संतोष देवांगन, दिलीप पांडेय, रवि शंकर कुंभकार ,उत्तम साहू, नवधा चन्द्रा, जगेन्द्र वस्त्रकार, भागवत महिलांगे, नेहरू पटेल, विश्वनाथ कश्यप, शरद चतुर्वेदी, राजेश कवंर, बाबूलाल कश्यप, ललित मनहर, चरण सिंह खैरवार, योगेश निर्मलकर, रमेश कुमार बरेठ, श्याम सुंदर उरांव, संजय यादव, नंदलाल यादव, अनिल राठौर, चंद्र कुमार चन्द्रा, प्रदीप नारायण शर्मा, रामलाल डडसेना,अशोक देवांगन, रमेश कर्ष, सुंदर सिंह कंवर, नागेश कुंभकार, अविनाश चन्द्रा , हेम कुमार सुमन ने संवेदना राशि देकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किये।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण, कैलेण्डर विमोचन एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह

# समर्पण एवं संघर्षशीलता के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर–चांपा जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह, कैलेण्डर विमोचन एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, डीबी तनिष्क के संचालक धीरेन्द्र बाजपेयी, प्रदेश महामंत्री मनोज राय, जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष गया राम राजवाड़े, उप प्रांताध्यक्ष डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. एम.एल. पटेल, प्रांतीय मंत्री डॉ. भुवनेश्वर देवांगन, संभागीय अध्यक्ष डॉ. तरुण राठौर मंचस्थ रहे। समारोह में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर–चांपा इकाई द्वारा मंचस्थ मुख्य अतिथि, प्रांताध्यक्ष एवं समस्त अतिथियों का कौसेय वस्त्र, गुलदस्ता, पुष्पहार से अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात डीबी तनिष्क सभागार में आयोजित कार्यक्रम में धीरेन्द्र बाजपेयी ने स्वागत उद्बोधन दिया। कोरबा से पधारे राज्यपाल से सम्मानित श्रेष्ठ शिक्षक शिवराज शर्मा ने मधुर स्वर में अभिनंदन गीत प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। स्वागत-अभिनंदन के क्रम में प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष डॉ कुलवंत सिंह सलूजा, राज्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अरुण तिवारी, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक व्ही.एस. परिहार, पेंशनर्स फेडरेशन के जिला संयोजक रामकिशोर शुक्ला, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के जिलाध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर–चांपा के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष साव, जिला सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष लोमस श्रीवास, रायगढ़ जिलाध्यक्ष आशीष रंगारी, व्याख्याता संघ के जिलाध्यक्ष एस.एल. कंवर, खरसिया जिलाध्यक्ष नोहर गभेल, टीचर्स एसोसिएशन के जिला सचिव डॉ बोधी राम साहू, संयुक्त शिक्षा कर्मी संघ सक्ती के जिलाध्यक्ष रविन्द्र नाथ मिश्रा, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के घनश्याम देवांगन, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के दिलीप भारती सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ओंकार सिंह ठाकुर एवं अध्यक्षता कर रहे प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर के द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर–चांपा इकाई के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा संगठन के कैलेण्डर 2026 का विमोचन किया गया। उद्बोधन क्रम में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डॉ. उमेश भारती गोस्वामी, डीईओ सक्ती डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी सहित अन्य अतिथियों ने संगठन की एकता, शिक्षक हित एवं शैक्षिक उन्नयन पर विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि ओंकार सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में जांजगीर-चांपा जिले के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि जांजगीर-चांपा जिले को डॉ रविंद्र द्विवेदी के रूप में सशक्त एवं सक्षम नेतृत्व मिला है। नव निर्वाचित टीम का यह आयोजन सिर्फ जांजगीर-चांपा जिले का नहीं बल्कि राज्य स्तरीय आयोजन प्रतीत हो रहा है, उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों से निष्ठा, समर्पण एवं संघर्षशीलता के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन डॉ. रविन्द्र द्विवेदी एवं डॉ. भुवनेश्वर देवांगन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला संगठन मंत्री राजेन्द्र जायसवाल ने किया। इस अवसर पर मनीष देवांगन, डी.डी. गढ़ेवाल, रमेश तिवारी, जे.एल. खरे, बुद्धेश्वर कश्यप, अधिवक्ता रीता तिवारी, राधा चौहान, पूर्णिमा शुक्ला, राजकुमारी मानिकपुरी, जयश्री रात्रे, अश्वनी मनीषा राठौर, जी.आर. साहू, शिखा साहू, दीपश्री साहू, गीता जायसवाल, सविता महिलांग, नाजनीन खान, अनिता सावरकर, संध्या साव, स्तुति पाण्डेय, टिक्का साहू, संगीता साहू, श्यामकली कश्यप, गीता मरकाम, नीरा प्रधान, बेदिन भारद्वाज, पुष्पा श्रीवास, अनिल पांडेय, अजय चौबे, संतोष तिवारी, सीताराम साहू, जय तिवारी, विजय थवाईत, अशोक राजवाड़े, सोहन साहू, आशीष सिंह, संजय राठौर, श्रवणदास वैष्णव, ब्रजेश शर्मा, सुकदेव सिदार, नारायण सूर्यवंशी, पंचराम तम्बोली, चक्रधर सिंह राठौर,नोहर साय गभेल सहित जांजगीर–चांपा, रायगढ़, खरसिया, बस्तर, कोरबा, सक्ती, बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद आदि जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी, शिक्षक साथी एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक–शिक्षिकाएं को संबोधित करते अतिथि।

# नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को बनाएगा ऊर्जावान: जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- नितिन नबीन को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओ ने फोड़े पटाखे, एक दूसरे को खिलाई मिठाई

नितिन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कचहरी चौक जांजगीर में एकत्र होकर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओ ने फटाखे फोड़कर एवं एक-दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

नितिन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने एवं सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की सहभागिता केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारतीय जनता पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक युवा नेता होने के नाते श्री नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊंचाई प्रदान करेगा। छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी और बाद में प्रभारी के रूप में उनके मार्गदर्शन में पिछले विधानसभा चुनाव से लेकर निकाय-पंचायत चुनावों में पार्टी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। उक्त कार्यक्रम मे संगठन प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, अमर सुल्तानिया, चुन्नीलाल साहू, जिला महामंत्री नंदनी रजवाड़े, नंद चौधरी, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी, प्रदीप शराफ, रवि पांडेय, विकास शर्मा, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अनिल शर्मा, नरेंद्र कौशिक, राजेश्वर पाटले, संतोषी सिंह, आकाश सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास, विश्वनाथ प्रताप यादव, संतोष थवाईत, साकेत तिवारी, धनेशवरी जाग्रति, दिनेश दास, संजीता माली, पुष्पेंद्र निर्मलकर, नीलम सोनार, प्रियंका सिंह, परमेश्वर राठौर, रमाकांत रजवाड़े, दिनेश राठौर, सोनु यादव, गोलु दुबे, रितेश राठौर, प्रदीप राठौर, गजेंद्र सिंह, गज्जू कर्ष, छत्रपाल, विजय, रिया यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# गुरु घासीदास जयंती और समागम से बढ़ेगा भाईचारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ग्राम पंचायत मंद्रागोढ़ी में तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती और सतग्रंथ समारोह का आयोजन सरपंच चीनी लाल भारद्वाज के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में आचार्य देवराम ने सतग्रंथ प्रवचन दिए। तीन दिन तक चले इस समागम में आसपास के गांवों के श्रद्धालु, ग्रामीण, पंथी नृत्य दल, झांकियां और लोक गायक शामिल हुए।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गणेश चालक ने कहा कि गुरु घासीदास जयंती और सतग्रंथ समागम से आपसी भाईचारा मजबूत होता है और संतों का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहाकि 'मनखे-मनखे एक समान ' की विचारधारा समाज को अपनानी चाहिए। गणेश चालक ने यह भी बताया कि पंथी नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं और यह जयंती अनेकता में एकता का संदेश देती है। कार्यक्रम का संचालन सरपंच चीनी लाल भारद्वाज और धनेश्वर रात्रे ने किया। इस दौरान उपसरपंच रामकुमार यादव, खूब श्रीवास, विजय यादव, बाबूलाल सिदार, रोहित केवट, छबी कुर्रे, घनश्याम कुर्रे, हफीज खान, लखपति खान, गणेश रात्रे, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, तेजलाल भारद्वाज, चुन्नू लाल अजगल्ले, कन्हैया चौहान, गोसाई लाल भारद्वाज, कमलेश भारद्वाज सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## ट्रेटान बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पहले मुकाबले में कोटमीसोनार विजयी



**अकलतरा।** नगर के स्वर्गीय राकेश कुमार सिंह खेल परिसर स्थित हाई स्कूल मैदान में ट्रेटान बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मण मुकीम रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मंजू सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, जहूर बेगम एवं लक्ष्मीकांत पुरोहित उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि लक्ष्मण मुकीम ने बैट से बॉल हिट कर किया। इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में मंजू सिंह ने खिलाड़ियों को अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी टीम के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं और खेल संस्कृति को मजबूत करती हैं। प्रतियोगिता के आयोजक पार्षद विजय खांडेल ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50,111 रुपये एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 25,111 रुपये, तृतीय पुरस्कार 12,111 रुपये तथा चतुर्थ पुरस्कार 6,111 रुपये रखा गया है। प्रतियोगिता का समापन 26 जनवरी को किया जाएगा। उद्घाटन मैच ग्राम कोटमीसोनार एवं कोड़िया के बीच खेला गया। कोड़िया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 82 रन बनाए। जवाब में कोटमीसोनार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 ओवर में ही 83 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। कार्यक्रम में अंकित सिंह सिसोदिया, पार्षद राज कुमार सिंह, राजू राठी, शेख सीतारा टंडन, सुरेश मिर्चनय, कमलेश वैष्णव, मुरलीधर मिश्रा, अविनाश साहू, अर्पित देवांगन, अभिजीत सोनवानी, सुमन वैष्णव, रजत अग्रवाल, यूसुफ खान, भोला खांडेल सहित खेलप्रेमी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## शिव शक्ति ज्ञान गंगा स्कूल में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**बिर्रा।** शिवशक्ति ज्ञानगंगा अंग्रेजी माध्यम स्कूल मल्दा में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन शुक्रवार 23 जनवरी को रखा गया है। इस संबंध में स्कूल के अध्यक्ष रविशंकर साहू, संचालक जयराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू व भूतपूर्व लोकसभा सदस्य पी .आर . खुट्टे होगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मल्दा के सरपंच श्रीमती शशि रामभगत मित्तल व जी एल डी पब्लिक स्कूल और फार्मेसी कॉलेज के अध्यक्ष लालन देवांगन और इसके साथ ही प्रिति अजय दिव्य जिला पंचायत सदस्य पामगढ़ तथा हाई स्कूल मल्दा के प्राचार्य गनपत लहरे व सुरेश कश्यप संकुल समन्वयक मल्दा उपस्थित रहेंगे। बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। फिर कार्यक्रम को गति देते हुए कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के बच्चों का विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- सक्ती प.ह. न. 17 रा.नि.म. तहसील सक्ती जिला- सक्ती (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा न. 779/18 रकबा 0.07 एकड़ भूमि को मेरे पक्षकार राजेश कुमार सोनी पिता तेजीराम सोनी निवासी ग्राम चांपा तहसील चांपा जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा राधेलाल यादव पिता सुखलाल यादव उम्र 74 वर्ष निवासी अखराभाठा (सक्ती) तहसील सक्ती जिला- सक्ती (छ.ग.) आधार न. 9858 8238 5795 से क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है, और निकट भविष्य में विक्रेता राधेलाल यादव पिता सुखलाल यादव के द्वारा मेरे पक्षकार क्रेता राजेश कुमार सोनी के द्वारा विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना है।

उक्त खसरा नबंर रकबा की भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी शासकीय एवं अर्धशासकीय बैंक को अथवा शासन को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति कथित भूमि एवं विक्रय के संबंध में होगी तो वह व्यक्ति 15 दिनों के भीतर उक्त संबंध में मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति दर्ज करा सकते है, जिसका विधिवत निराकरण किया जा सकेगा। 15 दिनों के भीतर में कोई आपत्ति किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि के द्वारा कोई भी आपत्ति नही किये जाने की स्थिति में कालांतर में कोई भी आपत्ति विधि सम्मत नही मानी जावेगी और आपत्तिकर्ता को कोई भी आपत्ति करने का अधिकार समाप्त होना माना जावेगा।

स्थान : जांजगीर दिनांक : 20/01/2026

**सूचना दाता**
**रामनरेश उपाध्याय अधिवक्ता जांजगीर**
**मो. 9300694203**

### ईश्तहार/ उद्घोष्णा

रा.प्र.क्र. ..................................अ-2/
2025-26
ग्राम बरपाली प.ह.नं. 05 तहसील चांपा
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम चांपा प.ह.न. 07 तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका श्रीमती आरती नागदौने पति स्व. रोहित नागदौने जाति-महार निवासी ग्राम-लैलूंगा तहसील-लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) ने कृषि भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो यह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 27/01/2026 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूचीः
खसरा नं. 90/7 रकबा 0.008 हेक्टेयर भूमि...
लगान...... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 13/01/2026 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बांझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुह)
* नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615


DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अजय ने की एआई निर्मित फिल्म बाल तान्हाजी की घोषणा

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपनी एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक एआई निर्मित फिल्म होगी। अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजीः द अनंसग' वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि, अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तान्हाजी' की घोषणा की है। 2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तान्हाजी' इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने मजेदार कैप्शन लिखा है, जिस पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। श्रद्धा अपने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फनी कैप्शन लिखने के लिए जानी जाती हैं।

सोमवार को एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ऐसी बात लिखी है कि उनके फैंस और नेटिजन्स हंसी नहीं रोक पा रहे। दरअसल, श्रद्धा कपूर आज सोमवार को रविवार का लुत्फ उठा रही हैं। रविवार मनाने की जगह श्रद्धा सोमवार को रविवार की छुट्टी मना रही थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी दो फोटोज शेयर की हैं, जिनमें मैसी लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे?' श्रद्धा कपूर के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के कमेंट्स की झड़ी लग गई है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर हम स्त्री जी का क्या ही बिगाड़ लेंगे'। एक यूजर ने लिखा, 'हम भी संडे मना लेंगे, लेकिन आज वैसे मंडे ही है'। कुछ यूजर्स सवाल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इतना एआई देख लिया कि अब सब एआई लगता है'। इस पर श्रद्धा ने जवाब दिया है, 'जब सब एआई है तो कुछ एआई नहीं है'। एक यूजर ने लिखा, 'आज मेरा फ्राईडे है'। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'आपने लाइफ क्रैक कर ली है। बधाई हो'। एक यूजर ने लिखा, 'उदयपुर आओ, बताता हूं'। श्रद्धा ने लिखा है, 'आ रही हूं।

हॉलीवुड मसाला




## टिमोथी से कर ली सीक्रेट शादी

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों काईली जेनर और टिमोथी चालमेट के रिश्ते को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में दोनों ने एक साथ गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स में एक साथ शिरकत की। इस दौरान सभी की नजरें इस कपल पर ही आकर ठहरीं। वैसे भी दोनों अपने रिश्ते को जगजाहिर कर चुके हैं। हालांकि, अब खबरें आ रही हैं कि टिमोथी और काईली शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दरअसल, हाल ही में जब दोनों स्टार्स गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स में पहुंचे तो यहां पर दोनों ने एक दूसरे को किस किया और इसके बाद से दुनियाभर में इस कपल की चर्चा हुई।




## नए सस्पेंस और थ्रिल के साथ लौट रहीं जेंडाया...

**नई दिल्ली।** जिस वेब सीरीज ने जेंडाया को 2 एमी अवॉड्र्स, एक क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड और एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड दिलाया है, उस वेब सीरीज के नए सीजन से एक बार फिर हॉलीवुड एक्ट्रेस धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। हम बात कर रहे हैं टॉप रेटेड साइकोलॉजिकल ड्रामा यूफोरिया की जिसका नया सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। चार साल बाद हॉलीवुड सीरीज यूफोरिया सीजन 3 रिलीज होने जा रहा है। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है जिसमें जेंडाया ने मुख्य भूमिका निभाई है। अब सीरीज में नए पहलू के साथ जेंडाया की वापसी हुई है। यूफोरिया सीजन 3 का ट्रेलर जारी किया गया है जो सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर है। सीजन 3 की कहानी जेंडाया और बाकी बच्चों के एडल्टहुड के इर्द-गिर्द घूमने वाली है।



## पुष्पा-2 हुई जापान में रिलीज, मिले तोहफे

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया।



## भगवान खाटू श्याम पर बन गई है फिल्म

**मुंबई।** नीम करोली बाबा पर एआई की मदद से कई भाषाओं में सीरीज बन रही है और इसी बीच भगवान खाटू श्याम पर एआई से पहली फिल्म बनाई गई है। सिंगर कन्हैया मित्तल ने इसे बनाया है और कुछ दिन पहले टीजर भी रिलीज किया था। सिंगर कन्हैया लाल मित्तल, 7 साल की उम्र से भजन गा रहे थे और भगवान खाटू श्याम को बहुत मानते हैं। इस फिल्म के जरिए खाटू श्याम भगवान की कथाओं के अलावा कई और चीजों के बारे में बताया जाएगा। दो हफ्ते पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसका नाम 'जय जय बाबा श्याम' रखा गया है। खाटू श्याम भगवान पर बनी एआई फिल्म के जरिए यह बताना चाहते थे कि उनका पिछला जन्म कैसा था, उनका पुनर्जन्म, उनकी कथाएं और साथ ही ये कि क्यों खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है।

टीवी मसाला

## पता नहीं लौटूंगी या नहीं, नेहा ने अचानक काम से बनाई दूरी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने फैंस को चौंका दिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वो कुछ दिनों के लिए काम से ब्रेक ले रही हैं। इतना ही नहीं, नेहा ने अपनी पर्सनल लाइफ की दिक्कतों



को लेकर भी हिंट दिया है और कहा कि वो रिश्तों से भी ब्रेक पर हैं। 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने अचानक फैंस को चौंका दिया है। अपने गाने 'कैंडी शॉप' को लेकर कुछ ही हफ्तों तक जमकर ट्रोलिंग और आलोचना झेलने के बाद नेहा कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूर रहेंगी। सिंगर ने बताया कि वह अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ, यहां तक कि 'रिश्तों' से भी ब्रेक ले रही हैं, और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि वह वापसी करेंगी या नहीं। सोमवार को नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर घोषणा की कि वह 'जिम्मेदारियों, रिश्तों और काम' से ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और उन सभी चीजों से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने का समय है जिनके बारे में मैं अभी सोच सकती हूं। पता नहीं मैं वापस आऊंगी या नहीं। धन्यवाद। उन्होंने एक बार फिर पोस्ट करके पपाराजी से अनुरोध किया कि वे उनकी वीडियो न बनाएं। उन्होंने लिखा, 'मैं पपाराजी और फैंस से अनुरोध करती हूं कि वे मेरी वीडियो न बनाएं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी निजता का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में स्वतंत्र तरीके से जीने देंगे। कृपया कैमरे न लगाएं। मेरा आपसे अनुरोध है। मेरी शांति के लिए आप सब इतना तो कर ही सकते हैं।'

### जूनियर क्रिकेटर्स को धमकाते थे युवराज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड का झलक दिख चुकी है और इसमें क्रिकेटर्स वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ और युवराज सिंह नजर आने वाले हैं। तीनों ने अपनी जिंदगी के मजेदार किस्से सुनाए।



युवराज सिंह और सहवाग की बातें तो आपको लोटपोट कर देंगी।' कपिल ने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ के क्रिकेट सफर की भी तारीफ की। बाद में, कॉमेडियन ने युवराज से जूनियर क्रिकेटरों को धमकाने के आरोपों के बारे में पूछा। उन्होंने रोहित शर्मा का एक पुराना वीडियो दिखाया, जिसमें रोहित शर्मा युवराज से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बता रहे थे। यह वीडियो देखकर सब हंस पड़े। वीडियो में रोहित ने कहा, 'जब मैं पहली बार क्रिकेट बस में बैठा, तो मुझे नहीं पता था कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए सीटें तय होती हैं। मैं गलती से युवराज सिंह की सीट पर बैठ गया और उसने मुझे जो घूरकर देखा, वो क्या था! उसके बाद मैं कभी वहां नहीं बैठा।'

## एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आए सिद्धांत और मृणाल...

**मुंबई।** फिल्म 'दो दीवाने सहर में'का रोमांटिक टीजर रिलीज हो चुका है। इसके टीजर में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की लव केमिस्ट्री देखने को मिली। संजय लीला भंसाली के भंसाली प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म इस वैलेंटाइन वीक पर रिलीज होगी। टीजर में मेकर्स ने दावा किया है कि इस बार प्यार के मौसम में इस 'इस्क' से 'इस्क' हो जाएगा। 'मॉम' जैसी फिल्म बना चुके निर्देशक रवि उदयावर ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'दो दीवाने सहर' के टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में बज रहे फिल्म 'घरौंदा' के मशहूर गाने 'दो दीवाने शहर में' से होता है। इसलिए, यह थोड़ा अनोखा है। टीजर की शुरुआत में मृणाल और सिद्धांत रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं, लेकिन टीजर के आखिर के कुछ सेकेंड में यह प्रेम कहानी दर्द के एहसास में बदलती दिखाई देती है। करीब 1 मिनट के टीजर में इसमें प्यार और दर्द दोनों को दिखाया गया है। निर्माताओं ने आज 'दो दीवाने सहर में' का टीजर शेयर किया। टीजर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'क्योंकि हर



'इस्क' परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। इस शहर की एक ऐसी ही अधूरी लेकिन पूरी प्रेम कहानी के साक्षी बनिए।' 'दो दीवाने सहर में' को अभिरुचि चंद ने लिखा और रवि उदयवार ने निर्देशित किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्माण संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया और भंसाली प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।

## पूरे वीक होगा महा मनोरंजन, थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई फिल्में और सीरीज...

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 जनवरी से नए सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस वीक कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होंगी, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा 'बॉर्डर 2' की हो रही है। मगर, ओटीटी पर भी काफी कुछ खास आने वाला है। कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी। हम आपके लिए 19 से लेकर 25 जनवरी तक रिलीज होने वाले लेटेस्ट थ्रिलर की लिस्ट लेकर आए हैं, जिन्हें आप सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक आसानी से देख सकते हैं।



**गुस्ताख इश्क** : विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 'गुस्ताख इश्क' 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी ने किया है। इसमें नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी जैसे सितारे भी हैं।

**तेरे इश्क में** : कृति सेनन और धनुष अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' बीते वर्ष नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। अब इस सप्ताह यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। 'तेरे इश्क में' 23 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में प्रकाश राज, प्रियांशु पैन्युली और तोता रॉय चौधरी जैसे सितारे हैं।

**मार्क** : कन्नड़ फिल्म मार्क भी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। वहीं, अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। इस फिल्म में किच्चा सुदीप का लीड रोल है। उनके अलावा शाइन टॉम चाको, नवीन चन्द्र, विक्रांत और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

**स्पेस जेन : चन्द्रयान** - यह स्पेस साइंस ड्रामा सीरीज भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज के क्रिएटर अरुणाभ कुमार हैं। इसमें श्रिया सरन, गोपाल दत्त, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और दानिश सैत जैसे सितारे हैं।

**सिराई और इट्स नॉट लाइक दैट** : इसके अलावा तमिल क्राइम कोर्टरूम ड्रामा फिल्म भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में है। 23 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी। वहीं अमेरिकी ड्रामा सीरीज 'इट्स नॉट लाइक दैट' की भी काफी चर्चा हो रही है, जो 25 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

### गुडलुक्स पर लड़कियां थीं फिदा, खून भरी मांग रही कॅरियर की यादगार फिल्म

# 80 के दशक में दर्शकों का दिल जीतने वाला विलेन

*नई दिल्ली। 70 और 80 के दशक में कई स्टार्स ऐसे आए जिन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और ये पहचान सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही सीमित नहीं रही बल्कि ये पहचान इंटरनेशनल लेवल तक गई। आज हम आपको एक ऐसे एक्टर की कहानी बताएंगे जो पर्दे पर हीरो बना तो विलेन बनकर भी उसने लोगों का दिल जीता। उसके गुडलुक्स पर लड़कियां फिदा थीं और यही वजह है कि निजी जीवन में उस एक्टर ने 4 बार शादियां कीं।*



### फिल्मों में आकर छा गए

16 जनवरी 1946 को पंजाब में हुआ था। कबीर बेदी को शुरू से ही एक्टर और मॉडल बनने का शौक था। लंबी कद-काठी वाले कबीर बेदी धीरे-धीरे मॉडलिंग की तरफ बढ़े और फिर हिंदी सिनेमा में आ गए। मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करते-करते कबीर बेदी को साल 1971 में पहली फिल्म हलचल में काम करने का मौका मिला और ये उनकी डेब्यू फिल्म बनी। इसके बाद वो साल 1973 में फिल्म कच्चे धागे में नजर आए और इस फिल्म से हिट हो गए। इस फिल्म के बाद वो कई फिल्मों में नजर आए। हालांकि ज्यादातर फिल्मों में वो विलेन बनकर ही दिखे। साल 1988 में रेखा के साथ आई फिल्म खून भरी मांग उनके कॅरियर की यादगार फिल्म रही है।

### हॉलीवुड में भी बनाई पहचान

कबीर बेदी सिर्फ हिंदी सिनेमा तक सीमित नहीं रहे। उनके लुक्स के चलते उन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया। इटली की टीवी सीरीज 'सैंडोकन' में भी उन्होंने काम किया। इस टीवी शो में वो समुद्री डाकू के किरदार में नजर आए। ये शो पूरे यूरोप में इतना हिट हुआ कि कबीर बेदी वहां के 'नेशनल हीरो' तक बन गए। इटली की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से भी नवाजा। इसके अलावा उन्होंने जेम्स बॉन्ड के साथ भी काम किया। साल 1983 में वो बॉन्ड सीरीज का हिस्सा बने। इस फिल्म में उनके और रॉजर मूर (**Roger Moore**) के फाइट सीन्स की खूब चर्चा हुई। कबीर बेदी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने जेम्स बॉन्ड फिल्म में मेन विलेन 'गोबिंदा' का किरदार निभाने का मौका मिला था।



### 70 साल की उम्र में चौथी बार बने दूल्हा

तीन शादियां और एक गर्लफ्रेंड से रिश्ता टूटने के बाद कबीर बेदी की जिंदगी में दस्तक दी परवीन दुसांझ ने। परवीन और कबीर बेदी लंबे समय तक दोस्त रहे लेकिन अपने 70वें जन्मदिन से पहले कबीर ने परवीन दुसांझ को अपना हमसफर बना लिया और दोनों की इस शादी ने इंटरनेट पर खूब चर्चा बटोरी। बड़ी बात ये है कि कबीर से परवीन दुसांझ पूरे 30 साल छोटी हैं। जब परवीन और कबीर बेदी की शादी हुई तब परवीन की उम्र 45 वर्ष की थी। दोनों शादी से पहले करीब 10 साल तक रिलेशनशिप में रहे और फिर दोनों ने साल 2016 में शादी करके सबको चौंका दिया। कबीर बेटी की बेटी पूजा बेदी से भी उनकी चौथी बीवी छोटी हैं।

**3 बीवियों से हुए अलग, परवीन बाबी से जुड़ा नाम** : कबीर बेदी प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ के लिए चर्चा में रहे। साल 1969 में कबीर बेदी ने पहली शादी डांसर प्रोतिमा बेदी से की थी। इस शादी से दोनों को दो बच्चे पूजा बेदी और बेटा सिद्धार्थ हुए। इस शादी के कुछ वक्त बाद ही दोनों अलग हो गए। इसके बाद कबीर और प्रोतिमा के बेटे सिद्धार्थ ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद प्रोतिमा भी एक हादसे में चल बसीं। इसके बाद कबीर बेदी का नाम एक्ट्रेस परवीन बाबी के साथ भी जुड़ा। हालांकि ये रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला। इसके बाद कबीर ने ब्रिटिश फैशन डिजाइनर सुसैन हम्फ्रेस से शादी कर ली। दोनों का एक बेटा भी हुआ, हालांकि ये शादी भी टूट गई। तीसरी शादी कबीर बेदी ने टीवी प्रेजेंटर निक्की से की।

खबर संक्षेप

## लायंस स्कूल में स्काउट-गाइड दीक्षा संस्कार कार्यक्रम आयोजित



**चांपा।** लायंस स्कूल चांपा में 19 जनवरी को स्वामी विवेकानंद स्काउट दल एवं रानी लक्ष्मीबाई गाइड दल के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का दीक्षा संस्कार गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों को स्कार्फ पहनाकर विधिवत स्काउट–गाइड में प्रवेश दिलाया गया। इस अवसर पर लायन रामप्रपन्न देवांगन ,चेयरमैन, लायंस क्लब एजुकेशन सोसायटी चांपा, लायन संतोष कुमार सोनी अध्यक्ष, लायंस क्लब चांपा, लायन राजेश अग्रवाल , लायन सुरेश अग्रवाल तथा लायंस स्कूल चांपा की प्राचाय्र श्रीमती अजीता वी.के. की गरिमामय उपस्थिति रही। लायन रामप्रपन्न देवांगन ने बच्चों को स्काउट–गाइड प्रतिज्ञा दिलाई। अपने उद्बोधन में लायन संतोष कुमार सोनी ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर कर्तव्यों के पालन तथा सेवा भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्य श्रीमती अजीता वी.के. ने नवदीक्षित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में स्काउट मास्टर ओ.पी. पाण्डेय एवं गाइड कैप्टन श्रीमती मधु पाण्डेय की भी विशेष उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने आज रवाना होंगे कर्मचारी नेता



**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली का राष्ट्रीय अधिवेशन महाराष्ट्र के शिर्डी में 23 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें जांजगीर चांपा जिला के छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्री के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती निधि लता जायसवाल, तहसील अध्यक्ष पामगढ़ सत्येंद्र सिंह चंदेल, पेंशनर संघ से कुलदीप सिंह सिसोदिया सम्मेलन में शामिल होंगे। सभी 21 जनवरी को आजाद हिंद एक्सप्रेस से रवाना होंगे।

## कुलीपोटा में तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह 23 से

**जांजगीर-चांपा।** जय सतनाम सेवा समिति ग्राम पंचायत कुलीपोटा द्वारा गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास के 269 वी तीन दिवसीय जयंती समारोह का आयोजन 23 जनवरी से 25 जनवरी तक किया जाएगा। यह आयोजन बाबा गुरुघासीदास के विचारो को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य एवं उनके मूल सिद्धात उपदेश खानी बानी और सियानी उनके सात वाणी को आत्म सात कर मानवता वाद एवं भाई चारा को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी चंद्रकांत रात्रे ने कार्यक्रम में आस पास के क्षेत्रवासी एवं समस्त पंथी नृत्य, मंगल भजन, प्रवचन कर्ता, बुधजीवियो एवं सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## उत्कृष्ट सहभागिता के लिए शैक्षिक समन्वयक एवं शिक्षकों का सम्मान



**अकलतरा।** समग्र शिक्षा कार्यालय, जिला जांजगीर-चांपा में विनोबा एप में उत्कृष्ट कार्य एवं सक्रिय सहभागिता के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिला स्तरीय "पोस्ट ऑफ द मंथ दिसंबर 2025" के अंतर्गत प्रदान किया गया।इस अवसर पर जिला स्त्रोत समन्वयक हरिराम जायसवाल तिवारी, एपीसी दिनेश सोनवान, जिला प्रोग्रामर रंजन मिश्रा, जिला विनोबा टीम के प्रभारी अजहर शेख एवं सह-प्रभारी भूपेंद्र चंद्रा की उपस्थिति में उत्कृष्ट संकुल के लिए पड़रिया के शैक्षिक समन्वयक रूपेश सिंह ,कापन के शैक्षिक समन्वयक प्रमीत सिंह को एवं विनोबा एप में निरंतर सक्रिय रहते हुए विविध शैक्षणिक गतिविधियों को साझा करने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ की शिक्षिका श्रीमती शबीना बानो खान एवं शासकीय प्राथमिक शाला कटघरी की शिक्षिका श्रीमती सुनीता कमलवंशी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा सभी सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि विनोबा एप शिक्षकों के लिए एक प्रभावशाली डिजिटल मंच है, जहां बोलेगा बचपन, टीएलएम निर्माण, खेल-खेल में शिक्षा, कागज के पंख जैसी नवाचारी गतिविधियों को साझा कर शिक्षक एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि अकलतरा विकासखंड के शिक्षक निरंतर नवाचारों के माध्यम से बच्चों को उनकी समझ और स्तर के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। विनोबा एप इन गतिविधियों को साझा करने का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है, जिससे अन्य शिक्षक भी प्रेरित होकर इन शैक्षणिक प्रयोगों का लाभ ले सकते हैं।कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नवाचार हेतु प्रोत्साहित करना एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना रहा, जो सराहनीय है।

### कांग्रेस के एक पूर्व पार्षद, नेता प्रतिपक्ष व महिला पार्षद ने सीएमओ को लिखा पत्र

# हसदेव लोक महोत्सव एवं औद्योगिक मेला के पुनः आयोजन की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

नगर की जनता की लगातार मांग को देखते हुए स्थानीय नगर पालिका परिषद् के एक पूर्व कांग्रेस पार्षद सहित पालिका में नेता प्रतिपक्ष तथा एक अन्य कांग्रेस की महिला पार्षद ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक पत्र लिखकर विगत 6 वर्ष से बंद हसदेव लोक महोत्सव व औद्योगिक मेला को पुनः प्रारंभ कराये जाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने आगामी 28 एवं 29 जनवरी को हसदेव लोक महोत्सव तथा औद्योगिक मेले के आयोजन के लिए शहर के एक मात्र भालेराय खेल मैदान को आरक्षित कर प्रदान किये जाने की मांग की है। नगर के कांग्रेस पार्षदों एवं एक पूर्व पार्षद द्वारा की गई इस मांग से शहर में विगत 6 वर्षों से बंद पड़े हसदेव लोक महोत्सव एवं औद्योगिक मेला का आयोजन किये जाने की सुप्त पड़ी मांग पुनः बलवती हो गई है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1998 में 25 मई को बिलासपुर जिले से विभाजित कर जांजगीर-चांपा जिले का गठन किया गया था। इसके बाद वर्ष 2001 में 1 नवम्बर को मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया। इसके पश्चात वर्ष









2003 से जांजगीर जिला मुख्यालय में हर वर्ष फरवरी माह को जाज्वल्य देव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन होता आ रहा है। इसे देखते हुए नगर वासियों ने भी यह आयोजन यहां किये जाने अथवा उक्त आयोजन की तरह ही एक अन्य आयोजन यहां प्रति वर्ष किये जाने की मांग की थी। वर्ष 2014 में जब राजेश अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुए तब उनके कार्यकाल में शासकीय सहयोग से हसदेव लोक महोत्सव एवं औद्योगिक मेले का आयोजन प्रारंभ हुआ। राजेश अग्रवाल के पद से हटने के बाद यह आयोजन बंद है। आज इस आयोजन को बंद हुए लगभग 7 वर्ष हो गये हैं। तब से लेकर यह आयोजन पुनः प्रारंभ होने का इंतजार कर रहा है।

आज जबकि केन्द्र, प्रदेश सहित नगर में भाजपा की ही ट्रिपल इंजन की सरकार संचालित है तो ऐसे में नागरिक हसदेव लोक महोत्सव के पुनः प्रारंभ होने का इंतजार कर रहे हैं। बीते माह 5 दिसम्बर को नगर पालिका के पूर्व पार्षद तथा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता, वार्ड नं. 25 के कांग्रेस पार्षद तथा पालिका में नेता प्रतिपक्ष हरीश पाण्डेय सहित वार्ड नं. 25 की कांग्रेस की महिला पार्षद श्रीमती रमशिला गिरधर देवांगन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक पत्र लिखकर हसदेव लोक महोत्सव एवं औद्योगिक मेला के 28 तथा 29 जनवरी के आयोजन हेतु शहर के भालेराय खेल मैदान को आरक्षित कर यहां आवश्यक साफ-सफाई कराई जाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि विगत वर्ष फरवरी माह में सम्पन्न हुए स्थानीय नगर पालिका चुनाव के दौरान शहर की जनता के बीच जोर-शोर से यह मुद्दा उठा था और कांग्रेस तथा भाजपा दोनों ने ही अपने चुनावी घोषणा पत्र में इस आयोजन को कराए जाने का वादा मतदाताओं से किया था। ऐसे में अब जबकि नगर पालिका सहित राज्य एवं केन्द्र में भाजपा की सरकार संचालित है तो नगर की जनता में करीब 7 वर्ष से बंद पड़े इस आयोजन को पुनः कराए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। अब देखना यह है कि ट्रिपल इंजन की सरकार कितनी जल्दी अथवा देर से यह आयोजन पुनः प्रारंभ कर पाती है अथवा नहीं।

**परिषद् में किया जायेगा विचार**

पूर्व पार्षद नागेन्द्र गुप्ता सहित दो अन्य पार्षदों द्वारा हसदेव लोक महोत्सव के आयोजन हेतु भालेराय मैदान आरक्षित किये जाने बाबत पत्र दिया गया है। इस पर नगर पालिका परिषद् की आगामी बैठक में विचार कर निर्णय लिया जायेगा।

-रामसजीवन सोनवानी,
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् चांपा



## हेलमेट जीवन की रक्षा के साथ कम करता है दुर्घटना का प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलमुला-अकलतरा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 37वें सड़क सुरक्षा माह के तहत निरंतर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

■ 37वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मुलमुला में हेलमेट वितरण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

इसी क्रम में मंगलवार 20 जनवरी को त्रिमूर्ति चौक मुलमुला में एक विशेष हेलमेट वितरण एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ज़रूरतमंद दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए तथा हेलमेट की उपयोगिता और अनिवार्यता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक लालन पटेल एवं थाना प्रभारी मुलमुला निरीक्षक पारस पटेल ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतें सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। हेलमेट न केवल जीवन की रक्षा करता है, बल्कि दुर्घटना के प्रभाव को भी कम करता है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे नियमित रूप से हेलमेट का उपयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें, तेज गति से वाहन न चलाएं और सुरक्षित ड्राइविंग की आदत अपनाएं। साथ ही अपने परिवारजनों एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

## कैंप लगाकर बनाए श्रमिक कार्ड, पूर्व पंजीकृत 50 श्रमिकों की हुई पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद

नगर पंचायत राहौद के पकरिया पारा में मंगलवार 20 जनवरी को श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन व जन साहस संस्था के सहयोग से श्रमिक कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में नगर के संगठित व असंगठित श्रमिकों का श्रमिक कार्ड पंजीयन कर नवीन श्रमिक कार्ड बनाया गया। शिविर में उपस्थित श्रमिकों की संख्या 105 रही, जहां शिविर स्थल 18 श्रमिकों का नया पंजीयन किया गया। वहीं पूर्व पंजीकृत 50 श्रमिकों की पहचान की गई। शिविर के दौरान 20 श्रमिकों का श्रम कार्ड डाउनलोड कर श्रमिकों को प्रदान की गई और 02 श्रमिक का कार्ड नवीनीकरण कर अद्यतन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के कर्मचारियों द्वारा श्रम विभाग की योजनाओं और श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में किरण साहू सहायक ग्रेड 03, थलेश्वर पटेल - भृत्य, सत्येंद्र कुमार रात्रे जन साथी जन साहस संस्था, धीरेन्द्र नाथ योगी, पार्षद भवानी शंकर चंदेल, सभापति अमित अनंत,वार्ड क्रमांक 14 पार्षद प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, नगरवासी मौजूद थे।

## नर सेवा ही नारायण सेवा, मानवता की सेवा के लिये सदैव रहे तत्पर : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी जी -1-स्वर्णिम लीनेस क्लब सक्ती द्वारा शपथ ग्रहण समारोह एवं हल्दी कुमकुम का आयोजन माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस प्रिया दुबे के निवास में रखा गया।

**खास बात**

■ लीनेस क्लब सक्ती के नये पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आयोजित

मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लीनेस सुषमा जायसवाल, शपथ आधिकारी पूर्व एरिया आफिसर, एवं प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर लीनेस डॉक्टर शालू पाहवा, विशिष्ट अतिथि पूर्व चार्टर अध्यक्ष लीनेस लक्ष्मी पांडे एवं पूर्व एरिया आफिसर लीनेस लता नायक के आथित्य में रखा गया। सर्व प्रथम आथितियो द्वारा भारत माता के चलचित्र में दीप





शपथ ग्रहण समारोह में अतिथि के साथ उपस्थित लीनेस क्लब के पदाधिकारी।

प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागत पूर्व अध्यक्ष लीनेस विजिया जायसवाल एवं चेयरपर्सन लीनेस अमृता सिंह द्वारा लीनेस प्रार्थना कराया गया। माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस विनीता जायसवाल द्वारा ध्वज वंदना एवं माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस प्रभा जयसवाल , चेयरपर्सन लीनेस मीरा देवांगन द्वारा राष्ट्रगान कराया गया। विश्व शांति के लिए दो मिनट का मौन रख शपथ आधिकारी पूर्व एरिया आफिसर लीनेस डॉक्टर शालू पाहवा द्वारा क्लब के सभी नवपदस्थ पदाधिकारियों का उनके कार्य एवं दायित्व को बताते हुए शपथ दिलाया। पूर्व एरिया आफिसर लीनेस लता नायक ने डिस्ट्रिक्ट स्लोगन सर्व भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ क्लब के गतिविधियों को बताते हुए कहा कि क्लब द्वारा समय समय पर जनहित कार्य किये जाते है। पूर्व चार्टर अध्यक्ष लक्ष्मी पांडे ने कहा कि जो पेड़ लगाया आज वृक्ष बनते देख मुझे बहुत खुशी हो रही है। सभी सेवा एवं सहयोग कर क्लब को और आगे बढ़ाए। मुख्य अतिथि सुषमा जायसवाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है मानवता की सेवा के लिये सदैव तत्पर रहे। अंत में ब्राम्हण समाज की महिलाओं के साथ हल्दी कुमकुम लगा सभी को उपहार दे, विभिन्न प्रकार के गेम खेल हल्दी कुमकुम का उत्सव मनाया। अध्यक्ष लीनेस शहनाज बानो, सचिव लीनेस निकहत करीम बानो, कोषाध्यक्ष लीनेस प्रिया दुबे द्वारा गेम में विजयी हुए सदस्यों को पुरूस्कार दिया गया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। मंच संचालन चेयरपर्सन लीनेस संगीता तिवारी एवं लीनेस अनीता सिंह ने किया। आभार सचिव लीनेस निकहत करीम मलिक ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष लीनेस मंजु जायसवाल, लीनेस निधि सिंह, लीनेस अनीता राठौर, लीनेस लक्ष्मी रेड्डी, माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस मनीषा भारद्वाज, लीनेस जमुना जायसवाल एवं अन्य सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

## ग्राम भारती के आचार्य सम्मेलन में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

ग्राम भारती शक्ति जिला के आचार्यों एवं भागवत प्रवाह आध्यात्मिक सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में विशाल सम्मेलन का समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कमल किशोर पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत सक्ती थे। अध्यक्षता एडिशनल एसपी पंकज पटेलने की।

इस मौके पर मुख्य वक्ता लोमस राम साहू पूर्व संगठन मंत्री विद्या भारती छत्तीसगढ़, कृष्णकांत चंद्रा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा एवं रामावतार अग्रवाल अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति, आचार्य राजेंद्र जिला अध्यक्ष ग्राम भारतीय सक्ती, श्रीमती दिव्या चंदेल सदस्य सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ रहे। दो दिवसीय आचार्य सम्मेलन में विविध आयोजनों के अंतर्गत शक्ति जिला के सरस्वती शिशु मंदिरों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की





मनमोहक प्रस्तुति के साथ निबंध लेखन, सुलेख एवं चित्रकला कलश सजा एवं आरती की थाली सजावट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। शक्ति जिला के कई ग्रामों के सरस्वती शिशु मंदिर भवन निर्माण निर्माण हेतु 7भूमि दानदाताओं एवं 11 नगद राशि दानदाताओं को ग्राम भारती जिला शक्ति की ओर से शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। वही सांस्कृतिक समारोह की विशिष्ट प्रस्तुति के लिए सरस्वती शिशु मंदिर मालखरौदा को 11000 रुपए एवं सोनादुला तथा डुमरपारा विद्यालय को पांच, पांच हजार रुपए नगद राशि भागवत प्रवाह सामाजिक संगठन द्वारा मंच से प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन श्रीमती रश्मि तिवारी, संतोष निषाद एवं जिला समन्वयक धर्मेंद्र तिवारी द्वारा किया गया।

## डीआरएम से मिले विधायक, नैला में चावल रैक प्वाइंट बढ़ाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला चावल उद्योग संघ जांजगीर चांपा के द्वारा विधायक ब्यास कश्यप को अवगत कराया गया कि नैला रेलवे स्टेशन स्थित रैक प्वाइंट को खाद्यान्न के लिए स्वीकृत किया गया था, किंतु वर्तमान समय में देखने में आ रहा है कि उक्त रैक प्वाइंट का उपयोग कोयले के परिवहन के लिए किया जा रहा है।

चावल लदान (एफसीआई) हेतु लगे इंडेन को समय पर एवं प्राथमिकता अनुसार रैक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिससे सरकारी चावल लोड होकर अन्य राज्यों को नहीं जा पा रहा है। चावल नहीं जाने के कारण अन्य राज्यों का पीडीएस प्रभावित हो रहा है। इससे केंद्र सरकार की महती योजना प्रभावित हो रही है। संघ के द्वारा खाद्यान्न के लिए रैक उपलब्ध कराने की मांग विधायक ब्यास कश्यप से की गई। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए ब्यास कश्यप ने संघ के सदस्यों को साथ लेकर डीआरएम बिलासपुर राकेश रंजन से भेंट कर उपरोक्त बातें उनके समक्ष रखी। श्री कश्यप ने उन्हें अवगत कराया कि जांजगीर चांपा जिला कृषि प्रधान जिला है, नैला में चावल के रैक प्वाइंट उपलब्ध नहीं होने पर जिले



डीआरएम से चर्चा करते विधायक ब्यास कश्यप।

में उपलब्ध धान की मिलिंग समय पर नहीं हो पा रही है। इस व्यवसाय से संबद्ध किसानों, मजदूरों एवं व्यवसायियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। डीआरएम ने उनकी बातों को ध्यान से सुना एवं सकारात्मक रूख अपनाते हुए चांवल लदान को प्राथमिकता देने हेतु आश्वस्त किया है । ज्ञापन देने वालों में विधायक ब्यास कश्यप के साथ चांवल उद्योग संघ की तरफ़ से संजय भोपालपुरिया,बांके अग्रवाल, विकास जिंदल, हरि मोदी, अंकित मोदी, आशीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, तपन अग्रवाल,अंकित झाझड़िया, शोभित जिंदल उपस्थित रहे।

## स्वयं ब्रम्हांड के स्वामी हैं भगवान श्रीकृष्ण : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

ग्राम जाटा में बिहान की महिलाओ द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा कार्यक्रम के पंचम दिवस कथा वाचक पंडित विजय पाण्डेय ने श्री बाल कृष्ण चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा

■ जाटा में बिहान की महिलाओ द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में पंचम दिवस श्री बाल कृष्ण चरित्र का वर्णन

कि माता यशोदा की वातसल्य इतना प्रबल था कि वो स्वयं ब्रम्हांड के स्वामी को भी अपना छोटा पुत्र ही मानती रहीं। यहीं भक्ति की पराकाष्ठा है। जहां ज्ञान और वैश्वर्या से ऊपर प्रेम स्थापित हो जाता है।

उन्होंने कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बालरूप में मिट्टी खाने की कथा का वर्णन करते हुये कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएँ भक्तों के हृदय को प्रेम, वात्सल्य और भक्ति से भर देने वाली हैं।



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पंडित विजय पांडेय।

कथा में आगे कहा कि वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखाओं के साथ नित्य नए खेल खेलते रहते थे। एक दिन वे ग्वालबालों के साथ खेलते खेलते भूमि पर बैठ गए और बाल सुलभ चंचलता में उन्होंने मिट्टी उठा कर खा ली। कुछ ग्वालबालों ने यह देखा और तुरंत माता यशोदा के पास जाकर शिकायत की, "मैया, आपका लाला मिट्टी खा रहा है।" यह सुनकर माता यशोदा चिंतित हो उठीं। वे तुरंत खेल के स्थान पर पहुँचीं और प्रेम मिश्रित डाँट के साथ श्रीकृष्ण से बोलीं, "कन्हैया, तुमने मिट्टी क्यों खाई है?" बालकृष्ण ने भोलेपन से उत्तर दिया, "मैया, मैंने मिट्टी नहीं खाई। ये सब झूठ बोल रहे हैं।" माता यशोदा को सच्चाई जानने की इच्छा हुई। उन्होंने कहा, "अगर तुमने मिट्टी नहीं खाई है तो अपना मुँह खोलकर दिखाओ।" जैसे ही श्रीकृष्ण ने अपना मुँह खोला, माता यशोदा ने जो देखा, वह देखकर वे विस्मय और भय से भर गईं। उनके सामने श्रीकृष्ण के मुख में सम्पूर्ण ब्रह्मांड प्रकट हो गया। इस लीला से यह संदेश मिलता है कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम के वश में हो जाते हैं। माता यशोदा का वात्सल्य भाव इतना प्रबल था कि वे स्वयं ब्रह्मांड के स्वामी को भी अपना छोटा सा पुत्र ही मानती रहीं। यही भक्ति की पराकाष्ठा है, जहां ज्ञान और ऐश्वर्य से ऊपर प्रेम स्थापित हो जाता है। कथा श्रवण करने समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन, जिला पंचायत सदस्य व समाज कल्याण विभाग के सभापति श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर, जनपद सदस्य व संचार सत्कर्म समिति के सभापति चुड़ामणि राठौर, सरपंच श्रीमती चन्द्रकला सरवन कश्यप, वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कुल के संचालक दीनदयाल यादव, पटवारी भूषण मरकाम, पशु सखी पुष्पा यादव सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

